18/3/2026 पत्रावली पेश हुई। वकील वादी उपस्थित। प्रतिवादीगण अनुपस्थित। बावजूद तामील प्रतिवादीगण अनुपस्थित रहे। प्रतिवादीगण के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाती है। बहस सुनी गयी। वादी का वाद स्वीकार किया जाता है। निर्णय पृथक से तैयार कर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो।

उपखण्ड अधिकारी
अराँई (अजमेर)

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी अरांई (अजमेर)

विधिक राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 10 / 2026

1. किशनलाल पुत्र नानूडाराम जाति जाट, निवारी ग्राम बींजरवाडा, तहसील अराँई, जिला अजमेर राजस्थान

2. रतनलाल पुत्र नानूडाराम जाति जाट, निवासी ग्राम बींजरवाडा, तहसील अराँई, जिला अजमेर राजस्था

3. रामराज पुत्र नानूडाराम जाति जाट, निवासी ग्राम बींजरवाडा, तहसील अराँई, जिला अजमेर राजस्थान

4. जयराम पुत्र विश्राम जाति जाट, निवासी ग्राम बींजरवाडा, तहसील अराँई, जिला अजमेर राजस्थान

5. शिवदयाल पुत्र विश्राम जाति जाट, निवासी ग्राम बींजरवाडा, तहसील अराँई, जिला अजमेर राजस्थान

6. धर्मराज पुत्र नोरतमल जाति जाट, निवासी ग्राम बींजरवाडा, तहसील अराँई, जिला अजमेर राजस्थान

7. भँवरलाल पुत्र नाथू जाति जाट, निवासी ग्राम बींजरवाडा, तहसील अराँई, जिला अजमेर राजस्थान

8. रामचरण पुत्र नोरतमल जाति जाट, निवासी ग्राम बींजरवाडा, तहसील अराँई, जिला अजमेर राजस्थान

– प्रार्थीगण

बनाम

1. जगदीशसिंह पुत्र रणजीतसिंह, जाति राजपूत, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

2. धन्नैसिंह पुत्र रणजीतसिंह, जाति राजपूत, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान
3. सदाकंवर पत्नि रणजीतसिंह, जाति राजपूत, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

4. रूघनाथसिंह पुत्र सँग्रामसिंह, जाति राजपूत, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

5. सरदारसिंह पुत्र सँग्रामसिंह, जाति राजपूत, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

6. मदनलाल पुत्र छोगा, जाति जाट, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

7. शिवराज पुत्र छोगा, जाति जाट, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

8. नाथू पुत्र रामदेव, जाति जाट, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

9. नाबालिग बनवारी जाट पुत्र रामजीलाल सरंक्षक सरपरस्त माता लाली, जाति जाट, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

10. नाबालिग मुकेश जाट पुत्र रामजीलाल सरंक्षक 'सरपरस्त माता लाली, जाति जाट, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

11. रणजीत जाट पुत्र राम जी लाल, जाति जाट, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

12. राधेश्याम जाट पुत्र रामजी लाल, जाति जाट, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

13. लाली पत्नि रामजीलाल, जाति जाट, निवासी भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

14. श्रीमान तहसीलदार महोदय, तहसील अराँई, जिला अजमेर, राजस्थान

अप्रार्थीगण

**निर्णय प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू.राजस्व अधिनियम 1956 के तहत**

निर्णय दिनांक 18/3/2026

वकील वादी श्री योगेश शर्मा एडवोकेट

नीतू मीना
उपखण्ड अधिकारी
अरांई (अजमेर)

प्रार्थीगण की और से एक प्रार्थना पत्र वकील श्री योगेश शर्मा एडवोकेट द्वारा अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के तहत पेश किया गया । वकील वादी ने निवेदन किया कि प्रार्थीगण की कृषि भूमि वाके ग्राम भोगादीत, पटवार हल्का भोगादीत, भू.अ.नि.क्षेत्र भोगादीत, तहसील अराँई, जिला अजमेर राजस्थान में निम्न विवरण की स्थित है :–

| खाता संख्या नया पुराना | खसरा नं0 | क्षेत्रफल हेक्टैयर | किस्म |
|---|---|---|---|
| 364 / 341 | 83 | 1.2782 | बारानी 1 1.2782 |
| कुल खसरा | 01 | 1.2782 हैक्टैयर | |

उपरोक्त कृषि आराजी में प्रार्थीगण संख्या 3 का 23981 / 36520 तथा में प्रार्थीगण संख्या 1, 2 व 4 लगायत 8 का 12539 / 255640 255640 हिस्सा उक्त कृषि भूमि में राजस्व रिकार्ड अनुसार हिस्सा निहित होकर सह खातेदार के रूप में काबिज, काश्तकार है।

प्रार्थीगण अपनी उपरोक्त वर्णित खातेदारी कृषि भूमि पर बदस्तूर खातेदार काश्तकार काबिज काश्त करते चले आ रहे है, तथा प्रार्थीगण के नाम राजस्व रिकार्ड में खातेदारी का अमल दरामद है, तथा राजस्व नक्शा ट्रेस में भी प्रार्थीगण की भूमि का इन्द्राज चला आ रहा है।

प्रार्थीगण की खातेदारी कृषि भूमि जो निम्नानुसार स्थित है:–कृषि भूमि खसरा संख्या 83 क्षेत्रफल 1.2782 हैक्टेयर : अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 7 ग्राम भोगादीत स्थित खसरा संख्या 803 / 82 क्षेत्रफल 6.3264 हैक्टेयर भूमि के रिकॉर्ड खातेदार है, उक्त भूमि खसरा संख्या 803 / 82 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 83 के उत्तर–पूर्व दिशा में स्थित है। तथा अप्रार्थीगण संख्या 8 लगायत 13 ग्राम भोगादीत स्थित खसरा संख्या 84 क्षेत्रफल 3.5272 हैक्टेयर भूमि के रिकॉर्ड खातेदार, है, उक्त भूमि खसरा संख्या 84 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 83 के दक्षिण–पूर्व दिशा में स्थित है। एवं अप्रार्थी संख्या 14 ग्राम भोगादीत स्थित खसरा संख्या 78 क्षेत्रफल 1.1002 हैक्टेयर भूमि तहसीलदार के श्रवणाधिकार में न्यस्त है, उक्त भूमि खसरा संख्या 78 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 83 के पश्चिम दिशा में स्थित है। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 13 के मध्य उपरोक्त भूमियों का सीमा विवाद चला आ रहा हैं, तथा अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 13 आये दिन प्रार्थीगण की भूमि की सीमाओं में हस्तक्षेप करते रहते है, जिससे प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 13 के मध्य लडाई–झगडा होता रहता है। अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 13 आये दिन प्रार्थीगण की भूमि की सीमाओं से छेडछाड करते रहते है, तथा उसकी सीमाओं के संबंध में विवाद पैदा करते है। उपरोक्त खसरान् के मध्य सीमा विवाद होने की वजह से अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 13 द्वारा आये दिन प्रार्थीगण के साथ उसके खातेदारी भूमि के कृषि भूमि पर विवाद उत्पन्न करने की वजह से प्रार्थीगण ने अप्रार्थी संख्या 14 के कार्यालय में सीमाज्ञान करवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर पटवारी महोदय भोगादीत (अराँई) द्वारा दिनांक 22 / 05 / 2024 को सीमाज्ञान कर मौका पर्चा बनाया गया। जिसके पश्चात् भी उक्त अप्रार्थीगण द्वारा प्रार्थीगण की भूमि की सीमाओं को लेकर दिनांक 0.7 / 1.2 / 2025 को विवाद किया गया। वाद कारण दिनांक 07 / 12 / 2025 को अप्रार्थीगण द्वारा सीमाओं के विवाद को लेकर प्रार्थीगण के साथ गाली–गलौच करने से उत्पन्न हुआ है, तथा प्रार्थीगण के कृषि कार्य में अप्रार्थीगण द्वारा बाधा कारित करने तथा प्रार्थीगण के साथ सीमाओं को लेकर वाद विवाद करते रहने से वाद कारण सतत् रूप से निरन्तर जारी है। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 13 के मध्य स्पष्ट रेवेन्यू नक्शा ट्रेस राजस्व रिकार्ड में दर्ज है, इसलिये प्रार्थीगण को उपरोक्त राजस्व नक्शा ट्रेस अनुसार सीमाओं के विवाद के निस्तारण हेतु यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक हुआ है। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 13 की खातेदारी भूमियों के राजस्व नक्शा ट्रेस अनुसार सीमाओं का भौतिक सत्यापन करवाकर पत्थरगढी करवायी जानी न्यायहित में आवश्यक है ताकि सीमाओं का विवाद निस्तारित हो सके। प्रार्थीगण की वाके ग्राम भोगादीत, पटवार हल्का भोगादीत, भू.अ.नि.क्षेत्र भोगादीत, तहसील अरॉई, जिला अजमेर, स्थित कृषि खसरा संख्या 83 क्षेत्रफल 1.2782 हैक्टेयर की सीमाओं का भौतिक सत्यापन करवाकर, पत्थरगढी का निवेदन किया है ।

प्रकरण दिनांक 3.2.2026 को दर्ज रजिस्टर किया गया । तथा नोटिस तामिली हेतु भिजवाये गये। तामिली रिपोर्ट प्राप्त हुई । दिनांक 18.3.2026 को प्रतिवादी 1 से 13 बावजूद तामिली अनुपस्थित रहने पर एकपक्षीय कार्यवाही की गई । दिनांक 18.3.2026 को बहस सुनी गई । तहसीलदार अराई की जाच रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी मौके पर काबिज है ।

हमारे द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। :पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन व मनन किया गया । वकील वादी की बहस सुनी गई । प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता है एवं वाके ग्राम भोगादीत, पटवार हल्का भोगादीत, भू.अ.नि.क्षेत्र भोगादीत, तहसील अरॉई, जिला अजमेर, स्थित कृषि खसरा संख्या 83 क्षेत्रफल 1.2782

उपखण्ड अधिकारी
अराँई (अजमेर)

हैक्टेयर भूमि का राजस्व रिकार्ड अनुसार मौके पर नाप चौक कर पत्थरगढी करने हेतु तहसीलदार अरांई को कमिश्नर फीस 1000/—रु पर कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि प्रार्थीगण द्वारा कमिश्नर फीस 1000/— रु जमा करवाने पर वे मौके पर उपस्थित होकर उक्त ग्रस्त भूमि का पक्षकारान की उपस्थिति में तथा राष्ट्रीय राजमार्ग में अवाप्तिधीन स्थिति को देखते हुए (एन एच में अवाप्तिधीन ने हो) उक्त वाद का पक्षकारान की उपस्थिति में नाप चोक कर पत्थरगढी के आदेश दिये जाते है। आदेश मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 18/3/2024 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर हस्ताक्षरित किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
अराई (अजमेर)
अराई (अजमेर)